हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, मंगलवार, 14 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री


14 अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने विद्यार्थियों व खेल प्रतिभाओं का किया सम्मान





14 बच्चों ने लेखन, पोस्टर मेकिंग, ऑन दा स्पाट स्कैच व ग्रुप डांस में दिखाई प्रतिभा




## चेयरमैन पर लगाया परिजनों पर दबाव बनाने का आरोप

# खतरे में चेयरमैन दलबीर की चौधर, मीटिंग से पहले नहीं आएंगे सदस्य, अपनी मर्जी से वापस आने की बात कही

वीडियो भेजकर 'बगावत' से पीछे नहीं हटने का किया दावा

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

धारूहेड़ा ब्लॉक समिति चेयरमैन दलबीर सिंह चौधर बरकरार रहने या कुर्सी खिसकने का निर्णय 24 अक्टूबर की मीटिंग में होना है। इससे पूर्व 'भ्रमण' पर निकली महिला सदस्यों सहित सभी असंतुष्ट सदस्यों ने एक वीडियो के माध्यम से संदेश दिया है कि वह सभी अपनी मर्जी से बाहर हैं। मीटिंग के दिन ही वह लौटेंगे। साथ ही महिला सदस्यों ने उनके परिजनों पर दबाव बनाने के आरोप भी लगाए हैं। अगर दीवाली पर्व पर भी भ्रमण पर निकले सदस्य वापस नहीं आए, तो दलबीर खेमे के लिए विश्वास मत हासिल करना आसान नहीं होगा। ब्लॉक समिति की सरकार का तख्ता पलट करने की रणनीति को काफी समय पहले ही सिरे चढ़ाने के प्रयास अंदरखाने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के एक समर्थक की ओर से शुरू किए गए थे। चेयरमैन दलबीर सिंह को इस पद पर भी राव इंद्रजीत सिंह समर्थकों ने ही आसीन कराया था। अंदरखाने राव के समर्थकों के बीच ही एक ऐसी जंग छिड़ी हुई है, जिसमें एक-दूसरे को मात देने के लिए पूरी ताकत लगाई हुई है। दलबीर को पद से हटाकर राव समर्थक एक खेमे की ओर से दूसरे खेमे को मात देने के लिए पटकथा कुछ माह पूर्व लिखी गई थी। इसे धरातल पर लाने के लिए 22 में से 16 सदस्य गत 19 सितंबर को डीसी अभिषेक मीणा के समक्ष पेश हो गए थे। इन सदस्यों ने शपथ पत्र देकर चेयरमैन के प्रति अविश्वास जाहिर किया था। सदस्यों ने चेयरमैन पर विकासकार्यें में अनियमितताएं बरते जाने व चहेतों को ठेके दिलवाने जैसे आरोप लगाए थे। ब्लॉक समिति सदस्यों का बहुमत खिलाफ होने के बाद चेयरमैन के लिए विश्वासमत हासिल करना आवश्यक हो गया है। एडीसी राहुल मोदी ने 24 अक्टूबर को ब्लॉक समिति की मीटिंग बुलाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। दूसरी ओर चेयरमैन दलबीर का दावा है कि कुछ सदस्यों को भ्रमित करते हुए शपथ पत्र दिलाए गए थे। उनका किसी पर कोई दबाव नहीं है, उन्हें इस बात का भरोसा है कि मीटिंग में वह विश्वास मत हासिल जरूर कर लेंगे।

चेयरमैन दलबीर का दावा है कि कुछ सदस्यों को भ्रमित करते हुए शपथ पत्र दिलाए गए थे। उनका किसी पर कोई दबाव नहीं है





वीडियो में दावा करने वाले ब्लॉक समिति सदस्य

### पति को गायब करने के भी आरोप

एक महिला सदस्य ने चेयरमैन दलबीर व एसएचओ पर उसके पति को गायब करने के आरोप लगाए हैं। महिला सदस्य ने दावा किया कि घर वापसी के बाद वह इस मामले में कानूनी कार्रवाई भी करेंगी। उनके परिजनों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। दूसरी ओर पुलिस का दावा है कि महिला से बातचीत के बाद परिजनों की शिकायत पर कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा। पुलिस किसी पर भी कोई दबाव नहीं बना रही है। महिला की वापसी पर कोर्ट में उसके बयान जरूर दर्ज कराए जाएंगे।

### सदस्यों को मनाने की कवायद तेज

*इस घटनाक्रम के बाद दलबीर की कुर्सी बचाने के लिए राव समर्थकों का एक खेमा सक्रिय हो गया था। सूत्रों के अनुसार नाराजगी जताने वाले सदस्यों में कुछ मान गए थे, जबकि एक पार्षद बहुमत को अपने साथ लेकर अज्ञात स्थान पर चला गया। इनमें चार महिलाओं सहित कई पुरुष सदस्य भी शामिल हैं। वीडियो में सदस्यों की जो संख्या नजर आ रही है, उससे दलबीर विरोधी खेमे के लिए भी तख्ता पलट करने की राह मुश्किल नजर आ रही है। वीडियो में वह सभी 16 सदस्य नजर नहीं आ रहे, जो शपथ पत्र देते समय मौजूद थे।*

### महिला का पति लगा चुका गुहार

'भ्रमण' पर निकले ब्लॉक समिति सदस्यों में दो महिला सदस्यों के पति पुलिस को शिकायत दर्ज कराकर अपनी पत्नियों की घर वापसी कराने की मांग कर चुके हैं। एक महिला सदस्य के पति ने तो पत्नी के अपहरण तक का आरोप लगाया था, परंतु पुलिस ने महिला से वीडियो कॉल पर बातचीत के बाद दावा किया वह अपनी मर्जी से बाहर गई है। उसने अपनी मर्जी से ही लौटने की बात कही है। करवा चौथ पर्व मनाने के लिए भी महिला सदस्य घर नहीं पहुंची थी, जिससे उनके परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### वीडियो में किया गया पलटवार

भ्रमण पर निकले सदस्यों की ओर से हाल ही में एक वीडियो संदेश भेजा गया है। इसमें महिला सदस्य ने धारूहेड़ा एसएचओ व चेयरमैन दलबीर पर उनके परिजनों पर दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। वीडियो में इन सदस्यों ने दावा किया है कि दलबीर को चेयरमैन पद से हटवाने के निर्णय पर कायम हैं। उनके परिजनों पर दबाव बनाकर झूठी पुलिस शिकायत दर्ज कराई गई है, जबकि वह सब अपनी मर्जी से भ्रमण पर हैं। मीटिंग के दिन ही वह दलबीर को पद से हटाने के लिए हाजिर होंगे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग के अपहरण का आरोपी पकड़ा

**बावल।** पुलिस ने क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर 7 अक्टूबर को अपहरण और पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर पीड़ित पक्ष की ओर से आरोप लगाया था। मामले की जांच के बाद पुलिस ने युगराज को में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने 26 अगस्त को हुए हादसे के बाद फरार हुए चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक घायल हो गया था। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक राजस्थान के महतावास निवासी रामकिशन यादव को गिरफ्तार कर लिया। उसका वाहन भी कब्जे में लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**कसोला।** कसोला थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष की शिकायत के आधार गत 26 अगस्त को नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने बिहार के तेलड़िया निवासी मुकेश को गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को बरामद कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** रोहड़ाई थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर गत 3 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। पीड़ति ने मारपीट करने व धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने बावल निवासी रणजीत को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### प्रिवेंशन एक्ट में पांच आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** पुलिस चौकी में आपसी विवाद के चलते झगड़े की आशंका को देखते हुए पांच लोगों को हवालात का रास्ता दिखा दिया। डहीना में दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद पुलिस ने गांव निवासी सतीश, हैप्पी, सन्नी व मलूक को निवारक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में पुलिस ने बुड़ौली में झगड़े की आशंका को देखते हुए गांव निवासी पंकज को गिरफ्तार किया है। रात को हवालात में बंद रखने के बाद उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### बिजली निगम का शिकायत निवारण शिविर आज

**कोसली।** बिजली वितरण निगम की कोसली डिवीजन के अंतर्गत नाहड़ एसडीओ कार्यालय में 14 अक्टूबर को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अभियंता अनीश कुमार करेंगे। एचडीएम विक्रम सिंह ने बताया कि इस शिविर में गलत बिलिंग या मीटर रीडिंग, बिजली कनेक्शन मिलने में देरी, मीटर व वोल्टेज से संबंधित शिकायत, विद्युत पोल या बिजली की तारें हटवाने जैसी शिकायतों को सुना जाएगा। उपभोक्ता का मामला न्यायालय में विचाराधीन न हो।

# युवती की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका, पहचान कराने में जुटी पुलिस

पुलिस मामले की जांच करने में जुटी

- शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के सर्विस रोड से कुछ दूरी पर आसलवास की सीमा में सोमवार सुबह एक युवती का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। आशंका जताई जा रही है कि हत्या करने के बाद युवती का शव फेंका गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आसलवास गांव के बाहर नहर के पास से गुजर रहे श्रमिकों ने सुबह झाड़ियों में एक युवती का शव पड़ा हुआ देखा। सरपंच प्रतिनिधि भूपसिंह को इसी सूचना दी। भूपसिंह मौके पर पहुंच गए। फोन पर कसोला पुलिस को सूचित किया। कसोला एसएचओ शिवदर्शन मौके पर पहुंच गए। शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। आसपास के गांवों में सूचना प्रेषित कराकर पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो सकी। उसकी उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। गर्दन पर चोट के निशान भी बताए गए हैं, अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या करने के बाद शव यहां डाला गया है। शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है।

### पोस्टमार्टम के बाद खुलेगा मौत का राज

*पुलिस के अनुसार महिला का पोस्टमार्टम होने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा रहा कि हत्या से पहले युवती को दुष्कर्म का शिकार भी बनाया गया हो। मृतका की पहचान के बाद पुलिस के लिए गुत्थी सुलझाना आसान हो जाएगा, जिस कारण पुलिस पहचान कराने के प्रयास कर रही है।*

# लाखों रुपये की ठगी के मामले में तीन और आरोपी काबू

पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान यूपी के जिला उन्नाव के मोहल्ला गगनखेडा निवासी आयुष मिश्रा, यूपी के जिला उन्नाव के मोहल्ला आवास विकाश कालोनी निवासी आर्यन वर्मा व प्रतीक वाजपेई के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ठगी के तीन आरोपी। फोटो :हरिभूमि

### वर्क फ्रॉम होम के नाम पर आया था मैसेज

गत वर्ष 7 जून को गांव महेश्वरी निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में बताया था कि 2 जून 2024 को उसके पास वर्क फ्रॉम होम के नाम पर एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का ऑफर दिया गया था। शुरूआत में आरोपियों ने टास्क के नाम पर उससे 100 रुपये डलवाने के बाद 300 रुपये वापस कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने इसी प्रकार टॉस्क के नाम पर उससे पैसे डलवाना शुरू कर दिया और उससे 4 लाख 94 हजार 880 रुपये अलग-अलग खातों में डलवा लिए।

### आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा

पुलिस ने मामले में संलिप्त 6 आरोपी मध्यप्रदेश के जिला ग्वालियर के रानीपुरा निवासी विशाल, यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी अजय शाक्या, यूपी के जिला झांसी के गांव तलईया निवासी राहुल, निहाल सिंह, हर्ष व यूपी के जिला झांसी के मोहल्ला शास्त्री नगर इसाई टोला निवासी नरेंद्र यादव को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने रविवार को मामले में संलिप्त तीन और आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आयुष मिश्रा के खाते में 30 हजार रुपये गए थे, आरोपी आर्यन वर्मा व प्रतीक वाजपेई ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# तेजी से बढ़ रहे डेंगू के मामले, अब आंकड़ा 300 के करीब पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गत वर्ष अक्टूबर माह में सर्दी होने के कारण मच्छरों को प्रकोप कम हो गया था, लेकिन इस बार तापमान की अधिकता दिन में गर्मी का अहसास करा रही है, जिससे मच्छरों का प्रकोप भी कम नहीं हो रहा है। प्रति वर्ष डेंगू व मलेरिया के मामलों का बढ़ना सही ढंग से फोगिंग का नहीं होना रहता है। इस वर्ष नगर परिषद की ओर फोगिंग पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग की ओर से नगर परिषद को पहले ही दवाई दे दी गई थी। सोमवार को डेंगू के 4 नए मरीज और मिलने से सीजन में पॉजिटिव मरीजों की संख्या 258 पर पहुंच चुकी है। अक्टूबर माह में अब तक में 42 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। डिप्टी सीएमओ डा. अमित यादव के नेतृत्व में हेल्थ इंस्पेक्टर टीम के साथ ब्रीडिंग चेकर डेंगू की रोकथाम के लगातर प्रयास कर रहे है। घरों में लार्वा मिलने पर अब तक 3545 लोगों को नोटिस दिए जा चुके है।





रेवाड़ी। पशु खेल में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी, पानी की टंकी में लार्वा की जांच करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। लार्वा मिलने पर महिला को नोटिस देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### साफ-सफाई का ध्यान रखें लोग



स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सोर्स रिडेक्शन सर्वे कर रही है। लोग अपने घरों में पानी की टंकी, फ्रिज-ट्रे, गमले, पशु खेल व कूलर की साफ-सफाई रखें। आसपास जमा पानी में काला तेल डालते रहे, जिससे मच्छर का लार्वा पनप न सकें। डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखें। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर डॉक्टर की सलाह पर ही दवायां ले।

डा. अमित कुमार, डिप्टी सीएमओ रेवाड़ी।

### 3745 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके

स्वास्थ्य विभाग की एमपीएचडब्ल्यू व ब्रीडिंग चेकर टीम अब तक सोर्स रिडेक्शन एक्टिविटी के तहत 1921546 घरों में लार्वा की जांच कर चुकी है। मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर हरिप्रकाश ने बताया कि इस सीजन में अभी तक डेंगू के 258 केस व मलेरिया के 14 केस आ चुके है। जिले में अभी तक शहर में 115, बावल सीएचसी में 49, मीरपुर सीएचसी में 26, खोल सीएचसी में 45, गुरावड़ा सीएचसी में 12 व नाहड़ सीएचसी में 11 डेंगू के केस मिल चुके है। अब तक 3745 लोगों के ब्लड सेंपल लिए जा चुके है।

## घरों में साफ-सफाई का रखें ध्यान, शांत, सुखद एवं पवित्र वातावरण वाले घरों में ही निवास करती है मां लक्ष्मी

# दीपावली पर्व का 18 से आगाज, मां लक्ष्मी पूजन के लिए खरीदारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कार्तिक माह में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार यह पांच दिवसीय पर्व आगामी 18 अक्टूबर को धनतेरस के दिन से शुरू हो रहा है। दीपावली पर्व को लेकर लोगों ने घरों की साज-सज्जा का काम शुरू कर दिया है। बाजारों में भी लोग पर्व को लेकर खरीददारी में जुट गए है। दीपावली पर धन-धान्य की देवी मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए कई प्रकार के उपाय किए जाते हैं, पूजा की जाती है, लेकिन लोगों को कुछ सावधानियां भी बरतनी जरूरी हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शास्त्री ने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि हमें दीपावली के दिनों में वर्जित कार्य नहीं करने चाहिए। यदि वर्जित किए गए काम दीपावली पर किए जाते हैं तो कई उपाय करने के बाद भी लक्ष्मी कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है। ऐसे में बहुत सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है।

### ब्रह्म मुहूर्त में त्याग देना चाहिए बिस्तर

ज्योतिषाचार्य ने कहा कि आमदिनों में तो व्यक्ति प्रतिदिन सुबह बिस्तर त्याग देता है, लेकिन काफी व्यक्ति ऐसे हैं, जो सुबह देर तक उठते हैं। ऐसा करने से घर में दरिद्रता का आगमन होता है और व्यक्ति के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर होता है। शास्त्रों के अनुसार दीपावली के दिनों में ब्रह्म मुहूर्त में ही उठ जाना चाहिए। जो लोग इन दिनों में सूर्योदय के बाद तक सोते रहते हैं, उन्हें महालक्ष्मी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है। कुछ विशेष परिस्थितियों को छोडकर दिन में या शाम के समय सोना नहीं चाहिए। यदि कोई व्यक्ति बीमार है, वृद्ध है या कोई स्त्री गर्भवती है तो वह दिन में या शाम को सो सकती हैं, लेकिन स्वस्थ व्यक्ति को दिन में या शाम को सोना नहीं चाहिए। शास्त्रों के अनुसार जो लोग ऐसे समय में सोते हैं, वे निर्धन बने रहते हैं।



रेवाड़ी। मोती चौक बाजार में सजी स्टाल्स व लोगों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

### माता-पिता व बुजुर्गों का अपमान न करें

ज्योतिषाचार्य का कहना है कि दीपावली पर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि किसी भी परिस्थिति में कोई अधार्मिक काम न हो। माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करें। जो लोग माता-पिता का अनादर करते हैं, उनके यहां देवी-देवताओं की कृपा नहीं होती है और दरिद्रता बनी रहती है। किसी को धोखा न दें। झूठ न बोलें। सभी से प्रेम पूर्वक व्यवहार करें।

### घर में गंदगी न रखें व क्रोध न करें

दीपावली पर घर में गंदगी नहीं होना चाहिए। घर का कोना-कोना एकदम साफ एवं स्वच्छ होना चाहिए। किसी भी प्रकार की बदबू घर में या घर के आसपास नहीं होनी चाहिए। सफाई के साथ ही घर को महकाने के लिए सुगंधित पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। दीपावली पर क्रोध नहीं करना चाहिए और जोर से चिल्लाना भी अशुभ रहता है। जो लोग इन दिनों क्रोध करते हैं या जोर से चिल्लाते हैं, उन्हें लक्ष्मी की कृपा प्राप्त नहीं हो पाती है। घर में शांत, सुखद एवं पवित्र वातावरण बनाए रखना चाहिए। लक्ष्मी ऐसे घरों में निवास करती हैं, जहां शांति रहती है।

### नशा करने से बचे

दीपावली के दिनों में इस बात का भी ध्यान रखें कि घर में किसी भी प्रकार का कलह या झगड़ा नहीं होना चाहिए। घर-परिवार के सभी सदस्य प्रेम से रहें और खुशी का माहौल बनाकर रखें। जिन घरों में झगड़ा या कलह होता है, वहां देवी की कृपा नहीं होती है। घर के साथ ही बाहर भी इस बात का ध्यान रखें कि किसी से वाद-विवाद या झगड़ा न करें। शास्त्रों के अनुसार इन दिनों में किसी भी प्रकार का नशा करना वर्जित किया गया है। जो लोग दीपावली के दिन नशा करते हैं, वे हमेशा दरिद्र रहते हैं। नशे की हालत में घर की शांति भंग हो सकती है और सभी सदस्यों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इससे बचना चाहिए। अन्यथा वाद-विवाद हो सकते हैं और लक्ष्मी पूजा भी ठीक से नहीं हो पाती है।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार
14 अक्टूबर 2025





दीपावली का पर्व हम सभी के घर में खुशहाली का उजास लेकर आता है। लेकिन इस पर्व की तैयारी में घर की महिलाएं प्रायः इतना उलझ जाती हैं कि अपनी खुशी, सुख और उत्साह को बिसार देती हैं। ऐसा ना करें, घर-परिवार के साथ खुद भी इस त्योहारी खुशी, उल्लास के हर पल में शामिल हों। यकीन मानिए, इससे आपकी दीपावली और जगमगा उठेगी।

# स्त्रियां भी जीएं सुख का उजास

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

उजास की चमक में स्वयं अपने भीतर झांकने का त्योहार है दीपावली। संबंधों में अनुभूतियों की रौनक भरने वाला जश्न है यह पर्व। यह उत्सव प्रेम-स्नेह के भाव को दरकने से बचाने वाली झिलमिलाहट भी साथ लेकर आता है, मन की कहने-सुनने से हर चेहरे पर एक दमक भी उतर आती है। कुल मिलाकर यह उत्सवीय आभा अपने भीतर भी एक जगमगाहट भरने का संदेश देती है। आंगन संवारती, दीवारें पोंछती, व्यंजनों की खुशबू फैलाती और अपनों की सज-धज का ध्यान रखती स्त्रियां, त्योहारी आपा-धापी में खुद को ही भूल जाती हैं। तो सुनो सहेली, दमकती-चमकती आंगन की रंगोली और रसोईघर से आती पकवानों की महक के बीच अपने मन की कांति को सहेजना ना भूलो।



## सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक

हर उत्सव पर मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में स्त्रियां अपने परिवार के आंगन में उजास भरती हैं। यह त्योहारी रौनक घर से लेकर गली तक हर ओर फैली होती है। साफ-सफाई और सजावट से झिलमिलाते घरों की कड़ियों को जोड़ने वाली स्त्रियां ही होती हैं। ऐसे में खुद की अनदेखी ना चाहते हुए भी हो जाती है। 'यह कर लूं', 'वह निपटा लूं' और 'घर के कोने-कोने को सजा लूं' के फेर में अपनी सज-धज तो रह ही जाती है। कभी-कभी तो इस भाग-दौड़ में मन नीरसता के धुंधलेपन से घिर जाता है। लेकिन सामानों की धूल झाड़ने में स्वयं की आभा फीकी ना होने दें।

अब जबकि दीपावली आने में कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं तो अपनी खुद की की साज-सज्जा की तैयारियां करने पर भी ध्यान दें। दीपपर्व की उजास में आपकी सजी-धजी मुस्कुराहटों की चमक भी बिखरनी ही चाहिए।

## बना रहे उपस्थिति का आलोक

इस दीपावली यह सुनिश्चित करें कि आपकी उपस्थिति का आलोक भी हर ओर फैले। जब सब मेल-जोल में व्यस्त हैं। आपके अपने सब कुछ भूलकर त्योहार की खुशियों को जी रहे हैं तो आप क्यों काम में उलझी हैं? आसमान तक फैली झिलमिलाहट के बीच आप घर के भीतर क्या सहेजने में लगी हैं? आज भी बहुत सी स्त्रियों के लिए यह त्योहार तैयारियों की कभी ना खत्म होने वाली श्रृंखला भर बनकर रह जाता है। ऐसे में झिलमिल दीपों से सजे चौखट-चौबारों के बीच आपका मन व्यस्तता के जाल में न उलझे। ध्यान रहे, दीपावली के त्योहार पर मां लक्ष्मी और माता सरस्वती के पूजन का विधान है। अपने संवेदनशील हृदय में भरी ज्ञान रूपी समझ से सुखद मेलजोल जीएं। गृहलक्ष्मी के रूप में आलोकित अपने व्यक्तित्व को जिम्मेदारियां निभाने तक न समेटें। परिवार, घर-द्वार को संभालने के साथ-साथ दीपावली के दीयों की टिमटिमाती मुस्कान के बीच आपकी उपस्थिति की चमक भी जरूरी है।



## साझेपन की दमक जरूरी

आप होम मेकर हों या वर्किंग वुमेन, त्योहार की तैयारी में सबका साथ लीजिए। परिवार को उत्सव मनाने में ही नहीं उत्सवीय तैयारियों में भी साथ रखिए। त्योहार के दिन आस-पड़ोस या मित्रों-सगे-संबंधियों के यहां सबके साथ आप भी मिलने जाइए। याद रहे, आपसी मेल-जोल और रिश्तों की रौनक से जुड़ा दीपावली का पर्व खुद को पीछे रखने के बजाय सहज रूप मन की ऊर्जा जुटा लेने का उत्सव है। इसके लिए स्त्रियां अपनों की सहायता लेने में संकोच ना करें। अपने जीवन में साझेपन की चमक भरने का प्रयास करें, ताकि यह जज्बाती दमक जिम्मेदारियों के मोर्चे पर भी दिखे। इतना भर करने से सबकी इच्छाओं और खुशियों का ध्यान रखते हुए आप अपने लिए भी समय निकाल सकेंगी। घर के आंगन में ही नहीं, अंतर्मन में भी इस त्योहार की जगमग को महसूस करेंगी। a

### अपनों की अहम भूमिका

**गृहलक्ष्मी की** भाग-दौड़ को समझने का प्रयास अपनों को भी करना चाहिए। झिलमिलाते घर-आंगन में हंसते-मुस्कुराते हुए सब कुछ संभालने वाली परिवार की महिलाओं को बच्चे, बुजुर्ग और जीवनसाथी सभी सहयोग करें। उनको मन से सम्मान दें। याद दिलाएं कि पहनने के लिए उनकी पसंद के पारंपरिक परिधानों की तैयारी भी उन्हें ही करनी है। मिठाइयों की सूची थोड़ी छोटी रही तो भी चलेगा। 'बहू तुम भी सबके साथ बैठो' भर कहकर बुजुर्ग कई दिनों की भाग-दौड़ से फीके पड़े चेहरे की चमक लौटा सकते हैं। 'मम्मा हमारे साथ-साथ आप भी अच्छे से तैयार हो जाओ ना!' जैसे शब्द दीपावली की तैयारियों में जुटी मां को मुस्कुराहट की चमक दे सकता है। 'गृहलक्ष्मी की सज-धज बिना कैसा त्योहार' कहने वाले जीवनसाथी की अनुभूतियों से मिली आभा मन को नई दमक दे जाती है। अपनों का यह साथ-स्नेह घर की महिलाओं के लिए इस पर्व की रौनक और बढ़ा देगा। असल में बड़ों-छोटों की यह ज्योतिर्मय सोच स्त्रियों को कई उलझनों से बचा लेती है। दीपावली का त्योहार एक-दूजे के साथ खुशियां बांटने की परंपरा है। उत्सव के वास्तविक मायने तो तभी हैं, जब घर का हर सदस्य इस रीत की रौनक को जीए।




### सुख-शांति-समृद्धि के लिए दीपावली से पहले

# घर से निकालें नकारात्मक ऊर्जा

हर कोई चाहता है कि उसके घर में सुख, शांति बनी रहे और समृद्धि आए। इसके लिए दीपावली एक अच्छा अवसर है। आप वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ बातों को ध्यान रखकर अपने घर में सुख, शांति के साथ समृद्धि ला सकती हैं।

वास्तु

निकिता चौहान



जब दीपावली जैसा बड़ा पर्व आता है, परिवार में उत्सवी माहौल हो जाता है, मन उमंग-तरंग से भर उठता है। लेकिन दीपावली की खुशियों में कोई बाधा ना आए, त्योहार खुशी के साथ मनाया जा सके, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु शास्त्र के अनुसार घर से नकारात्मक ऊर्जा को निकालें। भारतीय वैदिक वास्तु हमारे पारंपरिक ज्ञान से जुड़ा है, जो हमें अपने घर और कार्यस्थल पर पांच मूल प्राकृतिक तत्वों के सामंजस्य से एक सुगमता स्थापित करने में सहायता करता है। वैदिक वास्तु इन पंच तत्वों को उनकी दिशा के अनुसार घर में संयोजित करने की सलाह देता है। दीपावली में हमें वैदिक वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ विशेष उपाय अपनाने चाहिए, जिससे घर की नकारात्मक ऊर्जा खत्म हो जाएगी और हमारा स्वास्थ्य सही रहेगा, घर में सुख- शांति रहेगी, समृद्धि भी आएगी। ये विशेष उपाय कौन से हैं, जानें-



**घर के केंद्र को साफ रखें:** दीपावली में सर्वप्रथम अपने घर के केंद्र, जिसे ब्रह्मस्थान कहा जाता है, को साफ-सुथरा बनाएं। वहां बहुत ज्यादा सामान ना हो। इससे घर में ऊर्जा का प्रवाह सही और सुचारु ढंग से होगा।

**मिट्टी का दीपक जलाएं:** मिट्टी के दीये में गाय के घी से दीपक प्रज्वलित करें। गाय के घी को शुभ और पवित्र ऊर्जा का कारक माना जाता है। इसके अलावा तिल के तेल से दिया प्रज्वलित करने से ग्रहों के दुष्प्रभाव को समाप्त किया जा सकता है। घी, तिल, अरंडी, महुआ और नीम के तेल को मिलाकर प्रज्वलित दीपक पंचदीपम कहलाता है। इससे घर में समृद्धि, परिवार में स्नेह बना रहता है, रोग का नाश होता है। नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव की समाप्ति होती है, साथ ही वंश वृद्धि होती है।

**चमकीले रंग का उपयोग करें:** दीपावली में हमेशा चमकीले रंग का उपयोग करना चाहिए। दीपावली से पहले या बाद में पेंटिंग और साज-सज्जा करें। इसके अलावा दीपावली में आपको अपने घर या कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास खास साफ-सफाई करना चाहिए।

**पोंछे में समुद्री नमक डालें:** घर में पोंछा लगाते समय पानी में थोड़ा समुद्री नमक मिला दें फिर पोंछा लगाएं, इससे नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होने में मदद मिलेगी।

**नया दर्पण लगाएं:** घर में नया दर्पण लगाएं ताकि लाइट ज्यादा चमके और सकारात्मक वातावरण बने। दीपावली के अवसर पर अपने घर के द्वार पर पौधों वाला गमला रखें। पौधा एक तरह से जीवन का प्रतीक होता है, इसलिए आपके घर में सकारात्मक वातावरण बनाने में सहायक रहता है।

**मंत्र जाप करें:** दीपावली के दिन खासकर घर में धार्मिक मंत्रों का उच्चारण करने वाले ऑडियो को मधुर आवाज में लगाएं। इससे अपने घर में भरपूर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगी। परिवार में सब स्वस्थ रहेंगे। प्रेम-स्नेह भी बना रहेगा। a

**(वास्तु-ज्योतिष विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंह से बातचीत पर आधारित)**

दीपावली जैसा बड़ा पर्व हो तो इसकी भव्य तैयारी जरूरी हो जाती है। यह तैयारी वर्किंग वूमेन के लिए एक बड़े टास्क जैसी होती है, क्योंकि उसे ऑफिस के कामों के साथ, घर में भी त्योहार की तैयारी करनी होती है। इस दोहरी जिम्मेदारी के बीच वर्किंग वूमेन कैसे बैलेंस बैठाएं, जानिए।

### टाइम मैनेजमेंट के साथ करें फेस्टिवल की तैयारी

# फैमिली से लें हेल्प-करें फुल एंज्वॉय

वर्किंग वूमेन

अलका सोनी

दीपावली का पर्व सिर्फ लक्ष्मी पूजन, पटाखे और मिठाइयों तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि इसकी चमक-दमक के पीछे महीनों की तैयारी छिपी होती है। घर के हरेक कोने की झाड़-पोंछ, सजावट, नए कपड़े, पकवान और रिश्तेदारों की आवभगत, इन सबका बोझ ज्यादातर महिलाओं के कंधों पर रहता है। महिला अगर काम-काजी है, तो दीपावली की तैयारी करना उसके लिए आसान नहीं होता, काफी मुश्किलें आती हैं। लेकिन सही ढंग से मैनेज किया जाए तो मुश्किलें आसान हो सकती हैं। इस संबंध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत गुंजन सिंह कहती हैं, 'वर्किंग होने के साथ त्योहारों की तैयारी थोड़ी मुश्किल हो जाती है, लेकिन टाइम मैनेजमेंट से त्योहार को पूरी तरह एंज्वॉय करने का मौका मिल सकता है। मैं दिवाली के बीस दिन पहले से थोड़ी-थोड़ी तैयारी करने लगती हूं। इससे एकसाथ मुझ पर काम का बोझ नहीं पड़ता। दिवाली का सामान उसकी प्राथमिकता के हिसाब से लाती जाती हूं, एक लिस्ट बना लेती हूं, फिर ऑफिस से आते वक्त इन्हें लाती रहती हूं।'



**महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी:** भारतीय परिवारों में त्योहार की तैयारी का काम पीढ़ियों से महिलाओं की जिम्मेदारी ही माना गया है। दादी-नानी के समय में यह काम सहज रूप से घरेलू जीवन का हिस्सा था। तब अधिकतर महिलाएं गृहिणी थीं, इसलिए पूरा ध्यान घर के सभी कामों को करने और मेहमानों की देखभाल में बीतता था, लेकिन बदलते समय के साथ महिलाएं शिक्षा और नौकरी के क्षेत्र में आगे बढ़ी हैं। ऐसे में उन पर जिम्मेदारियों का भार दोगुना हो गया है।


**टाइम मैनेजमेंट का प्रेशर:** ऑफिस की डेडलाइन और त्योहार की डेडलाइन, दोनों को साथ लेकर चलना एक आर्ट है। हर महिला इसे अपने तरीके से सीखती है। ऑफिस के कामों के साथ घर में भी त्योहारों की रौनक कायम रखने पर ध्यान दिया जाए तो दोनों के बीच अच्छा संतुलन बनाया जा सकता है। बस उन्हें अपने परिजनों की थोड़ी मदद की दरकार होती है।

**हो स्मार्ट प्लानिंग:** वर्किंग वूमेन के पास समय की कमी होती है। इसलिए समय बचाने और सारा काम पूरा करने के लिए ये महिलाएं 'टू-डू लिस्ट' और कैलेंडर बनाकर हफ्तों पहले तैयारी शुरू कर देती हैं। एक दिन सफाई, दूसरे दिन बाजार, तीसरे दिन उपहारों की पैकिंग। इस तरह काम को छोटे हिस्सों में बांटकर करने से काम आसानी से हो जाते हैं। साथ ही ऑनलाइन शॉपिंग, एप-बेस्ड क्लीनिंग सर्विस, तैयार मिठाइयों की होम-डिलीवरी जैसी सुविधाएं आज त्योहारों की तैयारी को आसान बना रही हैं। आज की महिलाएं यह समझती हैं कि दिवाली का मतलब तनाव नहीं, खुशी है। इसलिए वे ऑफिस से छुट्टियां पहले से प्लान कर लेती हैं। a

### जरूरी है परिवार की भागीदारी



जीवन में हम परिवार की अहमियत को अनदेखा नहीं कर सकते। परिवार को मानव की प्रथम पाठशाला भी कहा जाता है। यानी कि पीढ़ियां अपने परिवार से ही सीखती रही हैं। अतः यह समझने की जरूरत है कि घरेलू कार्यों के लिए सिर्फ महिलाएं ही जिम्मेदार नहीं हैं, घर के पुरुषों और बच्चों को भी त्योहार की तैयारियों में हाथ बंटाना चाहिए। इससे सारे काम आसानी से संपन्न हो जाएंगे।



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# प्रदूषण से बालों को ऐसे बचाएं

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए:** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग:** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिए:** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेहतर रिजल्ट के लिए हेयर मास्क को आप हर हफ्ते में एक बार लगा सकती हैं। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को मजबूती मिलेगी।

**सफेद बाल:** पचास-साठ की उम्र से पहले सफेद हुए बालों की समस्या से बहुत सी युवा और मिडएज की महिलाएं परेशान रहती हैं। इस समस्या से बचाव के लिए भी मुलेठी पावडर का उपयोग काफी कारगर हो सकता है। इसके लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम कर सकती है। इसके लिए, दही और मुलेठी पावडर का पेस्ट भी काफी फायदेमंद साबित होता है। a

डेकोरेशन

श्रुति आयंगर

दीपावली के अवसर पर हर कोई चाहता है कि उसका घर-आंगन सबसे खूबसूरत दिखे। आप भी अपने घर को आकर्षक दिखाने के लिए तैयारियों में जुटी होंगी। हम यहां आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिससे आपका घर ऐसा दमक उठेगा कि सब तारीफ करेंगे।

# खूबसूरत-आकर्षक दिखेगा आपका आशियाना



दिवाली सिर्फ रोशनी करने, आतिशबाजी करने, तरह-तरह के व्यंजन खाने-खिलाने का त्योहार नहीं है। इस अवसर पर घर के हर कोने को सजाया भी जाता है। हम आपको घर डेकोरेट करने के कुछ आसान लेकिन अट्रैक्टिव लुक देने वाले तरीके बता रहे हैं।

**एंटीक-हैंडीक्राफ्ट आइटम्स:** ब्रास, कॉपर, सिल्वर टोन के शोपीसेस और हैंडीक्राफ्ट आइटम्स घर को रॉयल लुक देते हैं। छोटे-छोटे लैंप्स, हैंड पेंटेड ट्रे, मूर्तियां, ब्रास या कॉपर के वास, लंबे दीया स्टैंड, टेराकोटा आर्ट पीस, वुडेन क्राफ्ट, क्ले पॉट्स, मेटल वॉल हैंगिंग, पेंटेड बॉटल्स, झूमर, घंटियां और पीतल के शोपीस ये सभी घर को फेस्टिव टच देते हैं। इन्हें कॉर्नर टेबल, विंडो साइड टेबल या घर के एंट्रेंस पर साइड टेबल पर रखें तो और भी अच्छा दिखेगा।





**थीम बेस्ड डेकोरेशन:** हाल के सालों में दीपावली पर थीम बेस्ड डेकोरेशन का क्रेज भी काफी बढ़ा है। आप चाहें तो गोल्डेन थीम फॉलो कर अपने घर को रॉयल-क्लासी टच दे सकती हैं। पेस्टल थीम से घर को सॉफ्ट और ट्रेंडी लुक मिलेगा। इस ऑकेजन के लिए ट्रेडिशनल रेड-ग्रीन डेकोरेशन को भी शुभ माना जाता है। अगर आप कुछ डिफरेंट डेकोरेशन चाहती हैं तो मल्टीकलर या कोई ट्रेडिशनल थीम भी अपना सकती हैं। जो थीम आप सेलेक्ट करें उसी के अनुसार पर्दे, टेबल कवर, रनर और डेकोरेटिव आइटम्स का भी चुनाव करें।

**रि-स्टाइल करें फर्नीचर:** जरूरी नहीं कि दीपावली पर नए फर्नीचर ही खरीदे जाएं। इसकी बजाय पुराने फर्नीचर को रि-स्टाइल भी करवा सकती हैं। सोफा या चेयर को दीवार के किनारे से हटाकर सर्कल या स्क्वेयर में अरेंज कर सकती हैं। पुराने सोफे का बेस और बैक कुशन बदलें।

**लाइटिंग हो खास:** दीपावली के मौके पर हैंडमेड बाती लैंप, शेड लाइट और शैडो लाइट्स काफी पसंद की जाती हैं। ये पीसेस घर को रोशन करने के साथ-साथ स्टाइलिश और पर्सनल टच भी देती हैं। ड्राइंग रूम में डेकोरेटिव लैंप, हैंगिंग लालटेन और वॉल लैंप्स लगाकर घर को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इंडोर प्लांट्स के आस-पास छोटे रंगीन बल्बों वाली लाइट्स लगा सकती हैं। बालकनी और लॉन के लिए फेयरी लाइट्स, स्टार प्रोजेक्टर, एलईडी स्ट्रिप और लालटेन का उपयोग करना अलग टच देगा। पूरे आंगन को जगमगाने के लिए एलईडी और सोलर लाइट्स सबसे स्मार्ट ऑप्शन हैं।

**शीशे से करें सजावट:** गोल या चौकोर आकार के छोटे शीशों के टुकड़ों को लंबी, पतली रंगीन पट्टी पर चिपकाकर दीवारों पर सजाया जा सकता है। दरवाजे पर शीशों का तोरण भी बहुत खूबसूरत लगता है।

**फूलों से सजाएं घर:** गेंदे के नकली फूलों की लड़ी, जिसमें छोटी घंटियां लगी हों, सीढ़ी की रेलिंग पर लटका सकती हैं। आप असली फूल भी लगा सकती हैं। a

**(इंटीरियर एक्सपर्ट अनामिका शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप


नारनौल। शिविर में समस्याएं सुनती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### एसपी ने शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**नारनौल।** पुलिस एवं जिला प्रशासन की ओर से नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण के उद्देश्य से लघु सचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों व समस्याओं को सुना गया। समाधान शिविर में आमजन को एक ही स्थान पर अपनी शिकायतें रखने का अवसर मिल रहा है। समाधान शिविर में कुल 92 शिकायतें आई, जिनमें पुलिस विभाग से संबंधित सात शिकायतें थी।

### बिजली यूनियन का त्रिवार्षिक सम्मेलन 25 से

**कनीना।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन का 26वां दो दिवसीय प्रतिनिधि सम्मेलन 25 व 26 अक्टूबर को हिल्टन रिसोर्ट बहादुरगढ़ में आयोजित किया जाएगा। बिजली निगम कार्यालय में



कार्यरत जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि केंद्रीय परिषद का त्रिवार्षिक चुनाव भी कराया जाएगा। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि पूर्व प्रेस सचिव डीएस भारद्वाज व महासचिव सुंदरसिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता पूर्व महासचिव ईश्वर सिंह करेंगे। 25 अक्टूबर को सम्मेलन का उद्घाटन होने के बाद मुख्य वक्ता का संबोधन होगा।


कनीना। ग्राहक सुविधा केंद्र का उद्घाटन करते पंस चेयरमैन जेपी यादव।

### बीआई बैंक का ग्राहक सुविधा केंद्र का उद्घाटन

**कनीना।** गाहडा रोड के समीप सोमवार को बीआई बैंक का ग्राहक सुविधा केंद्र खोला गया। जिसका उद्घाटन पंचायत समिति चेयरमैन जेपी यादव ने किया। उन्होंने कहा कि सुविधा केंद्र संचालित होने से आमजन को बीआई बैंक के कार्य करवाने में आसानी होगी। इस केंद्र का संचालन अहमद वासी खेड़ी तलवाना की ओर से किया जाएगा।


नारनौल। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीणों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**नारनौल।** नशा मुक्त अभियान के तहत गठित विशेष टीम ने सोमवार को गांव रामपुरा का भ्रमण किया। इस दौरान गांव के शिव मंदिर के पास लोगों को एकत्रित कर नशा एक सामाजिक बुराई विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। निरीक्षक शारदा व उनकी टीम ने नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने ग्रामीणों को बताया कि पुलिस नशे की गिरफ्त में आ चुके लोगों को समाज की मुख्य धारा में वापस लाने का लगातार प्रयास कर रही है।

# विभिन्न संगठनों ने काले झण्डे और पट्टी बांध कर निकाली आक्रोश रैली

- आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या, यूपी के हरिओम वाल्मीकि की हत्या व सीजेआई हमले पर जताया रोष
- प्रदर्शन कर की सरकार से कार्रवाई की मांग

**घटित संगीन घटनाओं की रोकथाम में सरकार हो रही विफल**


नारनौल। प्रदर्शन करते विभिन्न संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

षड्यंत्र के तहतआईपीएस वाई पूरन कुमार की संदिग्धावस्था हुई मौत, यूपी में हरिओम वाल्मीकि की भीड़ तंत्र द्वारा पीट पीट कर हत्या व सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हुए हमले आदि की इंसानियत को शर्मशार कर देने वाली संगीत घटनाओं के मामले में महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जैदिया की अध्यक्षता में विभिन्न संगठनों ने रविवार देर सायं आक्रोश रैली निकाली। इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि सभा से उपायुक्त कार्यालय तक काले झंडों के साथ काली पट्टियां बांधकर व मोमबत्ती जलाकर पुलिस प्रशासन तथा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस अवसर पर महर्षि वाल्मीकि सभा के प्रधान जोगेंद्र जैदिया ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में इन घटनाओं पर लगातार रोष प्रदर्शन हो रहे हैं और मीडिया में भी जोर जोर से छाया हुआ है, लेकिन इसके बावजूद सरकार इस मामले में मुख दर्शक बनी हुई है। जैदिया ने कहा कि रैली कर सरकार को कड़ा संदेश दिया कि अब उपेक्षित समाज उन पर दिन प्रतिदिन हो रहे अत्याचार, मर्डर व शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगा। कोली सभा के प्रधान तोताराम, खटीक सभा के पतराम खिंची, अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ के दयाराम, सर्व अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के प्रधान चन्दन सिंह जालवान, धानक समाज के पूर्व डीजीएम महेंद्र खन्ना, नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रधान महेंद्र सिंह व कबीर संस्था के वाइस चेयरमैन बिरदी चंद गोठवाल, पूर्व प्रधान हरिसिंह बड़कोदिया, समिति उपाध्यक्ष एवं वाल्मीकि सभा के राजेश चांवरिया व अन्य संगठनों ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि सरकारी तंत्र के बड़े पद ऐसे लोगों के हाथों में है, जिनकी मानसिकता बहुत छोटी है। खुद को सर्वश्रेष्ठ कहने वाले और सिस्टम को चलाने वाले ऐसे लोग किस हद तक जातिवाद में फंसे पड़े हैं, फिर आम लोग ऐसे अधिकारियों से न्याय के लिए क्या उम्मीद रखेंगे।

### गंभीर परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर जातिवाद है तो हम आज कहां खड़े हैं, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है और इसी का नतीजा है कि आज सरकार उपेक्षित समाज पर प्रतिदिन हो रहे मर्डर, अत्याचार, शोषण और जातिगत भेदभाव की संगीन व दर्दनाक घटनाओं को रोकने में विफल हो रही है। विभिन्न संगठनों ने यह भी चेतावनी दी गई कि सरकार यदि अब भी होश में नहीं आई, तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। सरकार द्वारा यदि दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार नहीं किया, तो हरियाणा का उपेक्षित समाज एकजुट होकर आक्रोश रैलियां व धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा।

### यह हुए प्रदर्शन में शामिल

रोष बैठक व प्रदर्शन में महर्षि वाल्मीकि सभा उप प्रधान ताराचन्द, संयुक्त सचिव कुलदीप सिंह दुलगच, संकल्प फाउंडेशन करतार सिंह जैदिया, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रधान आशा पूनिया, सामाजिक विकास पथ की प्रेम यादव व रोशनी देवी, श्रेष्ठ फाउंडेशन के सुरेंद्र अंबेडकर, बाबूलाल पुरानी, अमरनाथ सिरोहा, महावीर, ललित, संजय ढैणवाल, अशोक कुमार, प्रवीन, हरिराम सिरोहा, दलीप सिंह, शिवकुमार, ओमप्रकाश, महेंद्र सिंह संगेलिया, भारत गोड़वाल, गौतम, नितिन, राहुल सारवान, अशोक डूलगच, वासु चांवरिया, प्रदीप कुमार, आशुतोष ढैणवाल, मास्टर महेश कुमार, महेश श्रेष्ठ, सुशील शीलू, रणधीर सिंह धीरू, एडवोकेट मंजीत यादव, शिन शाओलिंफो निरिस्सरो, महेश जांटीवाल आदि शामिल थे।

## केंद्रों पर खाद लेने के लिए किसान लगा रहे चक्कर, मजबूरन खरीद रहे टीसएपी व एनपीके

# किसानों को आवश्यकता के अनुसार नहीं मिल रहा डीएपी खाद



मंडी अटेली। कोऑपरेटिव सोसायटी सिहमा का खाद केंद्र। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

जिले के खेतों में रबी की फसलों की बुवाई का समय चल रहा है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद नहीं मिलने के कारण किसान फसलों की बुवाई का काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं। खाद केंद्रों पर खाद लेने के लिए किसान चक्कर लगा रहे हैं। केंद्रों पर खाद का रैक आने पर किसानों को घंटेभर लाइन में लगने के बाद भी आवश्यकता के अनुसार खाद नहीं मिल पा रही है। इस कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद की कमी को लेकर किसानों ने बताया कि गेहूं की अगेती किस्म के बुवाई का समय 15 अक्तूबर से लेकर 5 नवंबर तक होता है। ऐसे में खाद नहीं मिलने के कारण किसान अगेती गेहूं की किस्म की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं।

जिले में डीएपी खाद की किल्लत के चलते किसानों को लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर टीसएपी व एनपीके खाद की खरीद करनी पड़ रही है। टीसएपी एवं एनपीके खाद 1300 रुपये में, जबकि डीएपी 1350 रुपये में मिल रही है। वहीं प्राइवेट दुकान वाले ऊंचे दामों पर खाद वितरण कर रहे हैं। जिस भी किसान ने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है, उसी के हिसाब से खाद वितरण किया जा रहा है।

सोमवार को कोऑपरेटिव सोसायटी सिहमा के खाद केंद्र पर डीएपी मिलने की सूचना पाकर पहुंचे किसान महावीर, राजू, सतीश, रोहताश, कैलाश चंद्र, कर्ण सिंह, अशोक शर्मा, सुबेसिंह, सोनू, रणवीर आदि ने बताया कि उनको डीएपी खाद लेनी है, लेकिन खाद नहीं मिलने के कारण मजबूरन टीसएपी खाद खरीदनी पड़ रही है।

### बरसात से फसलें चौपट


किसान हरिकृष्ण

पांच एकड़ जमीन है। जिस पर वह हर वर्ष फसलों की बुवाई करता है। उसकी बाजरे की फसलें बरसात से चौपट हो गई थी। ऐसे में उनकी उम्मीदें गेहूं एवं सरसों की फसल पर टिकी हुई हैं। लेकिन सरकार की अनदेखी व लापरवाही के कारण किसान ठगा जा रहा है। डीएपी की जगह एक विकल्प के तौर पर अन्य खाद दिया जा रहा है। यह बहुत ही गलत है। किसान मजबूरी वस खाद लेने को मजबूर है।

### यह बोले वितरक

इस बारे में है हैफेड के खाद वितरक जगदीश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सिहमा में डीएपी, टीएसपी, एनपीके खाद वितरण किया जा रहा है। मेरी फसल मेरा बोरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के हिसाब से खाद भेजा जा रहा है।

पूरे जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। डीएपी डी सुचारू रूप से किसानों को दिया जा रहा है। डीएपी, टीएसपी, एनपीके खाद में किसी प्रकार का कोई फर्क नहीं है।

### हर साल यही समस्या


किसान ध्वजपाल

कुल सवा दो एकड़ जमीन है। मजबूरी में टीएसपी खाद लिया है। रबी फसल की बोआई शुरू होने वाली है, लेकिन खाद की आपूर्ति सुचारू न होने से किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हर साल यही समस्या होती है। खाद की कमी से किसान सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।

### किसान चिंतित


किसान महताब

कुल सात एकड़ जमीन है। वह सुबह से कोऑपरेटिव सोसायटी सिहमा डीएपी खाद के इंतजार में खड़ा हुआ था। परंतु यहां पर अलग प्रकार की खाद वितरित की जा रही है, जिसको लेकर वह चिंतित है। अगर किसान को समय पर सही प्रकार की खाद नहीं मिलेगी तो उसकी फसल को संकट आ जाएगा।

### खाद के काट रहे चक्कर


किसान रोहतास

रोजाना काम धंधे छोड़कर खाद के लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं करवाया जाने से उसको चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले तो किसान को बरसात नहीं मारा और अब अलग प्रकार का खाद वितरित करने पर फसल पर संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### बिना खाद के वापस लौटे


किसान सोनू

सुबह आकर लाइन में लगा था। देखा तो अधिकतर किसान बिना खाद लिए वापस लौट रहे थे। उसने देखा कि खाद्य वितरित तो किया जा रहा है, लेकिन डीएपी की बजाय टीएससी खाद किसानों को वितरित किया जा रहा है। ऐसे में उनकी उम्मीदें गेहूं की फसल पर टिकी हुई हैं, लेकिन अलग प्रकार का खाद मिलने से गेहूं की फसल कमजोर पड़ सकती है।

## डीएपी खाद की मांग को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन


नारनौल। बसपा नेता अतरलाल के नेतृत्व में रोश मार्च निकालते किसान कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

- किसानों ने धनौन्दा बस अड्डा पर रोष मार्च व जुलूस निकाला

**नारनौल।** किसानों को डीएपी खाद खेतीबाड़ी अनुसार न मिलने से उनका धैर्य जवाब देने लगा है। डीएपी किल्लत को लेकर कहीं किसान मंडी गेट बंद कर रहे हैं, तो कहीं सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार को बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल के नेतृत्व में किसानों ने धनौन्दा बस अड्डा पर रोष मार्च व जुलूस निकाला। किसानों ने सड़क पर उतरकर हाथों में पोस्टर लहराकर तथा नारेबाजी कर पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध करवाने की मांग की। रोष मार्च में पाथेड़ा, कैमला, अगिहार, खेड़ी तलवाना, पोता, स्याणा, नौताना, बाघोत, उच्चत, छिथरोली, झाड़ली, धनौन्दा, सिहोर आदि गांवों के सैकड़ों किसान तथा बसपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अतरलाल ने कहा कि सरसों की बुआई शुरू हो चुकी है, लेकिन किसानों को काश्त के अनुसार डीएपी खाद नहीं मिल रहा है। किसान डीएपी खाद के लिए चक्कर काट रहे हैं और उन्हें सारे दिन लाइनों में लगकर भी बिना खाद लिए घर लौटना पड़ रहा है। उन्हें खाद विक्रेता डीएपी खाद के साथ 500 से 600 रुपये का अन्य उत्पाद खरीदने के लिए मजबूर करते हैं, जो किसान के साथ अन्याय है। किशनपाल, मीरसिंह वैद्य, करतार, मदन सिंह, राजेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार हर चीज में किसानों के साथ धोखा कर रही है। सरकार ने बाजरा भावांतर के 575 रुपये प्रति क्विंटल देने की घोषणा की, लेकिन सरकार 2200 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरा नहीं खरीद रही है। किसानों को 1700 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से बाजरा बेचना पड़ रहा है। उन्होंने बाजरा भावांतर की राशि बढ़ाकर 1000 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से करने की मांग की। इस मौके पर मुकेश तंवर, राधेश्याम, सुरेश, राकेश यादव, नवीन डुडी, राजबीर, बीरसिंह, कैलाश सेठ, मदन सिंह, महेन्द्र सिंह, विक्रम पंच, रामबीर पंच, पवन धनखड़ ने कहा कि सरकार ने तत्काल किसानों को आवश्यकता अनुसार डीएपी खाद उपलब्ध करवाने के पुख्ता प्रबन्ध नहीं किए, तो किसान बड़ा आंदोलन छेड़ने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

## अखिल भारतीय विरोध दिवस मनाया




**नारनौल।** बेरोजगारी, भ्रष्टाचार व पेपर लीक की समस्याओं के खिलाफ अखिल भारतीय विरोध दिवस क्रांतिकारी युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाइजेशन की ओर से मनाया गया। संगठन के जिला इंचार्ज सतीश कुमार ने कहा कि हरियाणा में बेरोजगारी मे नंबर एक पर है। बेरोजगारी की समस्या दिनों दिन बढ़ रही है, सरकारी विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार उनको भर नहीं रही है। सरकार लगातार सरकारी विभागों का निजीकरण कर ठेके पर भर्ती कर रही है। सरकार नाम मात्र का वेतन देखकर उनका शोषण कर रही है।उन्होंने मांग की सभी बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए, तब तक जीने लायक बेरोजगारी भत्ता दिया जाए। सार्वजनिक विभागों के निजीकरण पर रोक लगाई जाए व रोजगार को मौलिक अधिकार में शामिल किया जाए, सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रतिबंध लगाया जाए, प्रश्न पत्र तैयार करने से लेकर पेपर होने तक की जिम्मेदारी सरकार ले।

## अहोई अष्टमी पर हवन करके संतान की दीर्घायु व परिवार की सुख समृद्धि मांगी

*महिलाओं ने किया प्रसाद वितरण*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। अहोई उत्सव पर हवन का आयोजन करते एडवोकेट सत्यपाल यादव व परिजन। फोटो : हरिभूमि

अहोई अष्टमी के अवसर पर ढाणी जाजमा में हवन करके संतान की दीर्घायु व परिवार के लिए सुख समृद्धि मांगी हैं। पूजा अर्चना करने के बाद ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया तथा महिलाओं को बुजुर्गों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति को विकसित करने का आह्वान किया। सत्यवीर आर्य ने बताया कि भारतीय संस्कृति में अध्यात्मिकता व एकजुटता का समावेश है। प्रत्येक महीने उत्सव होते हैं, जिनसे समाज को विभिन्न प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि अहोई अष्टमी पर देवी की पूजा अर्चना करने की परंपरा बनी है। जिससे संतान को शारीरिक बीमारियों से निजात मिलने के अलावा परिवार में सुख समृद्धि का समावेश संभव होता है। एडवोकेट सत्यपाल यादव के पुत्र आर्यन जाजमा के वैवाहिक जीवन की प्रथम अहोई अष्टमी पर हवन का आयोजन किया गया। इसके बाद ग्रामीणों को प्रसाद वितरण करके घर में दैनिक रूप से हवन करने का संदेश दिया।

## बाजरे की खरीद नहीं होने से परेशान किसान नुकसान की भरपाई के लिए सौंपा ज्ञापन



**नांगल चौधरी।** समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद नहीं होने पर जजपा के हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर व प्रभारी विनोद भील के नेतृत्व में तहसीलदार को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें किसानों को फसल पंजीकरण के आधार पर भावांतर सहायता देने व मंडियों में तुरंत प्रभाव से खरीद आरंभ करने की गुहार लगाई। इस दौरान जजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीपीओ प्रांगण में सरकार विरोधी नारेबाजी की। सरकार ने बाजरे का भाव 2775 प्रति क्विंटल निर्धारित किया था तथा 10 अक्टूबर से खरीद करने के निर्देश थे, लेकिन नांगल चौधरी मंडी में 50 से अधिक सैंपल भरे गए थे, सभी सैंपलों को कलर पीला होने का तर्क देकर कैंसिल कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा में किसानों का कोई कसूर नहीं, सरकार को सहानुभूति पूर्वक फसल पंजीकरण के आधार पर भावांतर सहायता देने व मापदंडों में छूट देकर बाजरा खरीदने की गुहार लगाई। जल्द ही खरीद आरंभ नहीं की गई, तो धरने प्रदर्शन करने की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल लंबोरा, जिलेसिंह गुर्जर, नवनीत एडवोकेट, मनोज मोहनपुर, चैनसुख तोताहेड़ी, प्रदीप कालबा, अशोक नंगली मौजूद रहे।

## आईपीएस अधिकारी मौत को लेकर खाप चौरासी वाल्मीकि सभा ने की निंदा

- वाई पूरन कुमार ने जातिगत उत्पीड़न, पदावनति, वेतन रोकने और साजिशन झूठे मामलों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की संदिग्ध आत्महत्या मामले को लेकर खाप चौरासी वाल्मीकि सभा ने सरकार के प्रति घोर निंदा की है। खाप चौरासी वाल्मीकि सभा अध्यक्ष श्रीचंद वाल्मीकि ने कहा कि वाई पूरन कुमार ने जातिगत उत्पीड़न, पदावनति, वेतन रोकने और साजिशन झूठे मामलों में फंसाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

उन्होंने कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सिस्टम द्वारा रचा गया षड्यंत्र है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को इस हद तक प्रताड़ित किया जा सकता है तो आम कर्मचारी किस हद तक सुरक्षित है।

आईपीएस वाई पूरन कुमार को साथी अधिकारियों ने इतना तंग व परेशान किया कि मजबूर होकर उन्होंने आत्महत्या करनी पड़ी। ये एक एससी समाज परोर अत्याचार है। इसके लिए हरियाणा का एससी समाज इस घटना की घोर निंदा करता है और यह हमारे देश के संविधान को खत्म करने जैसा है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने प्रशासनिक तंत्र में व्याप्त जातिवाद को उजागर कर दिया है।


**जानकारी** एक विद्यालय से तीन विद्यार्थियों की टीम ग्रुप के अनुसार लेगी भाग

# ग्रुप-ए व ग्रुप-बी की जिलास्तरीय विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता 15 व 16 को

- राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय टीम को क्रमश: 60000, 50000 व 40000 रुपये मिलेगी पुरस्कार राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा विज्ञान एवं तकनीकी विभाग पंचकुला के तत्वावधान में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से जिला स्तरीय विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन ग्रुप ए के लिए 15 अक्टूबर व ग्रुप बी के लिए 16 को किया जाएगा। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविन्द्र कुमार ने बताया कि 15 अक्टूबर को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों की टीम आरोही मॉडल स्कूल मंढाणा व 16 अक्टूबर को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों की टीम आरपीएस स्कूल महेंद्रगढ़ में क्विज में हिस्सा लेगी।



उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय को तीन विद्यार्थियों की एक टीम एक विज्ञान या गणित के अध्यापक के साथ अपने ग्रुप की साइंस क्विज के दिन और स्थान पर भेजनी होगी। प्रत्येक विद्यालय से एक टीम होनी चाहिए। किसी भी विद्यालय से एक से अधिक टीमों को शामिल नहीं किया जाएगा। विद्यार्थियों का चयन इस प्रकार किया जा सकता है कि वे संपूर्ण विज्ञान स्पेक्ट्रम को कवर कर सकें।

**विजेताओं को यह पुरस्कार मिलेंगे :** जिला स्तर पर विजेताओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। दोनों समूहों में जोनल स्तर पर प्रथम स्थान के लिए 20 हजार, दूसरे के लिए 15 हजार रुपये व तीसरे स्थान के लिए 12 हजार रुपये की पुरुस्कार राशि दी जाएगी। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को क्रमशः 60 हजार, 50 हजार व 40 हजार रुपये की पुरुस्कार राशि दी जाएगी।

### क्या कहते है जिला शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने बताया कि सभी विद्यालयों को विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। ज्यादा से ज्यादा विद्यालय इसमें भाग लेना सुनिश्चित करें।

### कैसे आयोजित होगी क्विज

सभी भाग लेने वाली टीमों की लिखित व स्क्रीनिंग परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पी होगी। जिसमें भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान के प्रश्न शामिल होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक दिया जाएगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटे जाएंगे। इसके आधार पर सर्वश्रेष्ठ आठ टीमों का चयन किया जाएगा और इन आठ टीमों की मौखिक प्रश्नोत्तरी होगी। मौखिक प्रश्नोतरी में चार राउंड्स होंगे। पहले राउंड में फिजिक्स, केमिस्ट्री बायोलॉजी तथा मैथमेटिक्स आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। दूसरा राउंड एक्टिविटी राउंड रहेगा। जिसमें विज्ञान की गतिविधियों पर आधारित प्रश्न होंगे।

**सूचना**

मैं, भारती पत्नी श्री मोनू निवासी गांव खोरी तहसील मुण्डावर जिला अलवर हाल किरायेदार गांव कोन्सीवास तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरी पुत्री निशा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### छात्राओं ने देखा विकसित भारत बिल्डाथॉन

**कोसली।** कोसली के शहीद मेजर विकास यादव राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से विकसित भारत बिल्डाथॉन कार्यक्रम दिखाया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रेणु कुमारी व मनीषा यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारत को आत्मनिर्भर बनाना तथा विकसित भारत का निर्माण करना है। प्राचार्य अनूप सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर 23 सितंबर 2025 से जनवरी 2026 तक चलेगा। इस मौके पर प्रवक्ता माया यादव, प्रवक्ता बाल योगेश्वर, नीलम रानी प्रवक्ता, प्रवक्ता सुभाष चंद्र, एसएमसी प्रधान सरिता व एसएमसी सदस्यों सहित स्टाफ के सभी सदस्य मौजूद थे।



### मंदौला के जोहड़ से अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश

**रेवाड़ी।** सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी राहुल मोदी ने आमजन की शिकायतें सुनीं। एडीसी मोदी ने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। मुख्यालय स्तर पर समाधान प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है, जहां समाधान शिविर की शिकायतों की मॉनिटरिंग की जा रही है। शिविर में गांव मंदौला में जोहड़ पर अवैध कब्जा संबंधी शिकायत पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए गए। पेंशन बनवाने, फैमिली आईडी में आय कम करवाने, बिजली और पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें आईं, अधिकारी का मौके पर निवारण किया गया।



### एनसीसी कैडेट्स का किया चयन

**डहीना।** विवेकानंद महाविद्यालय डहीना में सोमवार को एनसीसी कैडेट्स के चयन की प्रक्रिया आयोजित की गई। कैडेट्स की चयन प्रक्रिया के दौरान उनकी शारीरिक योग्यता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का मूल्यांकन किया गया। एनसीसी अधिकारी नायब सूबेदार चमन सिंह और हवलदार सदाशिवन ने कैडेट्स का चयन किया। उन्होंने बताया कि एनसीसी एक त्रिसेवा संगठन है, जो युवाओं को सेना, नौसेना और वायु सेना में शामिल होने के लिए तैयार करता है। इसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और अनुशासन का विकास करना है। एनसीसी कैडेट्स को विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलता है।

### साइबर ठगी के मामले में एक और गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने एक युवती को प्रोडक्ट रेटिंग के बदले मोटे मुनाफे का लालच देकर 1.16 लाख रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला झुंझुनू के गांव निवाई निवासी रमनदीप कुमार उर्फ रमना के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 6 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गांव खालेटा निवासी एक युवती ने कहा गत 10 अप्रैल को एक महिला से टेलीग्राम आईडी पर सम्पर्क हुआ था।

## बाल महोत्सव का शानदार आगाज, बाल भवन में 30 अक्टूबर तक होंगी स्पर्धाएं

# बच्चों ने लेखन, पोस्टर मेकिंग, ऑन दा स्पाट स्कैच व ग्रुप डांस में दिखाई प्रतिभा

- मुख्यातिथि डीसी अभिषेक मीणा बोले बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहे बाल महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद के चेयरमैन एवं डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि बाल महोत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को बाल्यकाल में ही रचनात्मक गुर सिखाए जा सकते हैं, जिसमें बाल महोत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह दौर बच्चों के लिए अपार संभावनाओं से भरा होता है जो उनके लिए एक नई दिशा सृजित करता है, इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रुचि अनुरूप प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए अपना चहुमुंखी विकास करना चाहिए। शिक्षकों और अभिभावकों को भी बच्चों को प्रोत्साहित करना चाहिए। डीसी अभिषेक मीणा ने सोमवार को शहर के बाल भवन में आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ किया।





रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा को पौधा भेंट करते आयोजक तथा पोस्टर मेकिंग में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है : डीसी

*इस अवसर पर डीसी मीणा ने कहा कि बाल महोत्सव जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। उन्होंने कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद अनेक बच्चों को हर साल उनकी छुपी हुई प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती है, जिनका बच्चों को लाभ उठाना चाहिए और इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। जिला स्तरीय बाल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिलेभर से करीब 150 सरकारी व निजी स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा एवं कला को प्रदर्शित करेंगे। सोमवार को बाल भवन में पहले व दूसरे ग्रुप की हिंदी व अंग्रेजी हैंड राइटिंग प्रतियोगिता, दूसरे, तीसरे व चतुर्थ ग्रप की पोस्टर मेकिंग व स्केचिंग ऑन दा स्पाट प्रतियोगिता, दूसरे ग्रुप की दीया व कैंडल डेकोरेशन प्रतियोगिता, तीसरे व चौथे ग्रुप की थाली व कलश डेकोरेशन, दूसरे ग्रुप की प्रश्नोत्तरी व थर्ड ग्रुप की डिक्लेमेशन तथा शाम के समय थर्ड ग्रुप की ग्रुप डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई।*





रेवाड़ी। कलश व दिया डेकोरेशन करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम की झलकियां







रेवाड़ी। श्रीराम जी का स्कैच बनाते हुए छात्रा, स्कैच बनाते प्रतिभागी, दीया डेकोरेशन करते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

### बाल महोत्सव में आयोजित होने वाली प्रतियोगिताएं

जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 30 अक्तूबर तक आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय बाल महोत्सव में प्रथम वर्ग में पहली से पांचवीं कक्षा तक, द्वितीय वर्ग में छठी से आठवीं कक्षा तक, तृतीय वर्ग में नौवीं से दसवीं कक्षा तक व चतुर्थ वर्ग में ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक की चार वर्गों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में हिंदी व अंग्रेजी में हस्त लेखन, पोस्टर मेकिंग, स्कैचिंग ऑन स्पॉट, दीया कैंडल डेकोरेशन, थाली एवं कलश डेकोरेशन, समूह नृत्य, क्विज, भाषण, शास्त्रीय नृत्य, एकल नृत्य, एकल गान, देशभक्ति गान, फन गेम्स, कार्ड मेकिंग, क्ले मॉडलिंग व रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने भारी मात्रा में पकड़े पटाखे

**रेवाड़ी।** दीवाली पर बिक्री के लिए पटाखों का भंडारण करना दो लोगों को महंगा पड़ गया। सिटी पुलिस ने दो स्थानों पर छापेमारी करते हुए कई क्विंटल पटाखे व आतिशबाजी का सामान जब्त किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 लाख रुपये भी बरामद किए गए हैं। उनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम में तहत केस दर्ज किया गया है। सिटी पुलिस को सूचना मिली थी कि कायस्थवाड़ा और सैय्यद सराय मोहल्लों में कुछ लोगों ने पटाखों का अवैध भंडारण किया हुआ है। सूचना मिलने के बाद रविवार की रात पुलिस ने दोनों स्थानों पर एक साथ रेड की। वहां से पटाखों व आतिशबाजी के कई कार्टून बरामद हुए। पकड़े गए विस्फोटक की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। इस मामले में ईश्वर और मनीष को पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में ईश्वर व मनीष। फोटो :हरिभूमि



रेवाड़ी। मेले में स्टाल्स का अवलोकन करती विशिष्ट अतिथि।

### मेले में विद्यार्थियों ने दिया कौशल परिचय

**रेवाड़ी।** जैन पब्लिक स्कूल में मनोरंजक मेले का आयोजन किया गया। फन फिनीटी फन टिल इनफिनिटी यानि अनंत मनोरंजन के नाम से आयोजित वार्षिक मेले में विद्यार्थियों ने अपने व्यापारिक कौशल का परिचय दिया। बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से रविवार देरशाम विद्यालय के मैदान में विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीत संगीत व नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई, वहीं विभिन्न व्यंजनों की स्टालों पर बिक्री करके अपने व्यापारिक कौशल का परिचय दिया। विशिष्ट अतिथि जीएसटी डिप्टी कमीश्नर प्रीति चौधरी ने झंडारोहण करके मेले का शुभारंभ किया। समापन अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता रैली

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से विश्वविद्यालय परिसर से मीरपुर गांव एवं राजकीय उच्च विद्यालय मीरपुर तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह एवं अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार ने किया। कुलसचिव प्रोफेसर दिलबाग सिंह ने मनोविज्ञान विभाग के इस प्रयास की सराहना की और छात्रों को समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले प्रोफेसर सुनील कुमार ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर होते रहने चाहिए। रैली का उद्देश्य समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा मानसिक समस्याओं से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था।




कैथल। गेट मीटिंग के दौरान नारेबाजी करते कर्मचारी

### विद्यार्थियों के कार्यों को प्रदर्शित किया

**रेवाड़ी।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में विकसित भारत बिल्डाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा स्टेट कोऑर्डिनेटर पीपीपी डा. सतीश खोला मुख्य अतिथि और खंड शिक्षा अधिकारी राजेश वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या डा. नम्रता सचदेवा ने की। मंच संचालन करते हुए शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। टीम नोडल शिक्षक रामपाल, कविता रानी और रंजू बाला ने पंजीकृत टीमों के विद्यार्थियों के कार्यों को प्रदर्शित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. खोला ने कहा कि विकसित भारत बिल्डाथॉन छात्रों को नवाचार और नई सोच के लिए प्रेरित करने वाला एक शानदार मंच है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि, शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### 1043 वाहन चालकों के किए चालान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने गत एक सप्ताह में ड्रिंक एंड ड्राइव, वाहन में तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाने, लेन चेंज नियमों की अवहेलना करने व बुलेट पटाखा छोड़कर हवाबाजी करने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया। अभियान के दौरान टैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस ने गत सप्ताह के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले 81 वाहन चालकों के चालान किए। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं, जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है और यह मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 185 के तहत दंडनीय अपराध है। पुलिस ने तेज डीजे-प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले 2 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा है। पुलिस ने इस सप्ताह में लेन चेंज से सम्बंधित नियम की अवहेलना पर 960 वाहन चालकों के चालान भी किए। एसपी मीणा ने कहा कि जिला पुलिस की ओर से शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें।

### आईपीएस वाई पूरण को न्याय की मांग

**रेवाड़ी।** सोमवार को पूर्व विधायक एवं एआईसीसी सचिव चिरंजीव राव के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों और दलित समाज के लोगों ने एकजुट होकर आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की संदिग्ध आत्महत्या और मुख्य न्यायाधीश पर अदालत में जूता फेंकने की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राजीव चौक से लघु सचिवालय तक पैदल मार्च किया और वाई पूरण कुमार को इंसाफ दो, दलितों पर अत्याचार बंद करो के नारे लगाएं। सचिवालय पहुंचे प्रदर्शनकारियों ने डीसी अभिषेक मीणा को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के शहरी अध्यक्ष प्रवीण चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष छावड़ी, कांग्रेस की महिला जिला अध्यक्ष सीमा धमीजा, एससी सैल के जिला अध्यक्ष रमेश ठेकेदार, भरत सिंह बावल, चरण सिंह पूर्व सरपंच ईश्वर महलावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों और दलित समाज के प्रतिनिधि शामिल थे।



रेवाड़ी। प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते चिरंजीव राव।

## न्यूज डायरी

### चित्रगुप्त मंदिर कुतुबपुर में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित



**रेवाड़ी।** श्री सर्व भगवान शिव एवं श्री चित्रगुप्त मंदिर चैरिटी ट्रस्ट तथा चित्र गुप्त सभा की ओर से सोमवार को चित्र गुप्त मंदिर कुतुबपुर में मां लक्ष्मी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित सुनील धुलिया एवं पंडित किशन चंद वशिष्ठ ने मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कराकर मूर्ति की स्थापना कराई। इस मौके पर डा. सतीश सक्सेना, अंशुमान भटनागर, के के सक्सेना, राम कुमार, टीएस भटनागर, डा. रंजनी चंद्रा, डा. नमिता कुलश्रेष्ठ, चन्द्रवती, पुष्पा गुप्ता, मंजू, आरती, जोनी, अजीत, धर्मपाल यादव, राज शर्मा, श्याम गुप्ता, कैलाश, लाजवंती, माया, रामवती, शकुंतला, देवरानी, संतोष, बाला, मैना, मेवा, रती, कमला, कौशल्या, आशा, मधु व अंतरा सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

### टॉपर्स व एनडीए में सफल विद्यार्थियों का हुआ सम्मान




**रेवाड़ी।** कोनसीवास रोड स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों तथा एनडीए लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र सैनी तथा निदेशक नवीन सैनी, जितेंद्र सैनी,हेमंत सैनी और अन्नू सैनी सहित प्राचार्य कुलदीप कुमार मौजूद थे। इस अवसर पर मेजर जय सिंह राठौर रजिस्ट्रार सैनिक स्कूल, समाजसेवी रिपु दमन गुप्ता और अनिल यादव पूर्व अध्यक्ष एचएसएलए ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की।

### कर्मचारी बाइक रैली से दिल्ली-जंतर मंतर के लिए रवाना



**बावल।** प्रसिद्ध दुपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटो कॉर्प के राजस्थान के नीमराना प्लांट से लगभग 25 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। इसके विरोध में निकाले गए कर्मचारियों ने बाइक रैली से दिल्ली के जंतर-मंतर के लिए कूच किया। बावल होकर बाइक रैली निकाला गई। हीरो मोटो कॉर्प एंप्लाइज यूनियन के बैनर तले सोमवार को निकाले गए कर्मचारी बैनरों के साथ बाइकों पर दिल्ली के लिए रवाना हुए। बनीपुर चौक के पर रुके कर्मचारियों ने कहा कि काफी समय से वह कंपनी में कार्य कर रहे थे। अचानक उन्हें कंपनी से बाहर कर दिया गया है। इससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### पराली जलाने पर जुर्माना या 6 माह की हो सकती सजा

**कोसली।** कृषि विभाग ने फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सीआरएम के नाम से स्कीम शुरू की हुई है, जिसके अंतर्गत किसानों को पराली नहीं जलाने पर 1200 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जा रहा है। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि धान की पराली का किसान अपने खेत में ही प्रबंधन कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि खेत में ही रोटावेटर मशीन का प्रयोग कर धान की पराली को मिट्टी में मिलाया जा सकता है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी। इसके अलावा पराली को थ्रेसर से कटवा कर चारा के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। एक अन्य विकल्प बेलर से इसकी गांठें बनवा कर उनको बेचने का भी है। एसडीएम ने बताया कि पराली जलाने पर प्रदूषण निरोधक अधिनियम के तहत दोषी को 30 हजार रुपए जुर्माना या 6 माह की सजा हो सकती है। ऐसे व्यक्ति को रेड मार्क कर दो साल के लिए कृषि विभाग की योजनाओं और एमएसपी पर फसल बेचने से वंचित किया जा सकता है।

### डूंगरमल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता: दुग्गल



**रेवाड़ी।** सोमवार को मोहल्ला कुतुबपुर में स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की 142वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव उपस्थित थे तथा अध्यक्षता सुनीता दुग्गल पूर्व सांसद सिरसा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. स्वदेश कबीर, चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के पूर्व कुलपति प्रोफेसर डा. विजय कायत, ओमप्रकाश डाबला व धर्मवीर डाबला ने शिकात की। स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक का जन्म 12 अक्टूबर 1884 को जिला महेंद्रगढ़ के गांव धनौंडा में हुआ। इन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में बढ़-चढ़कर के भाग लिया। 10 जुलाई 1983 को 99 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एक समाज के नहीं होते, बल्कि वे पूरे भारत के होते है। उन्होंने कहा कि शहीद के नाम पर एक चौक या पार्क का नाम अवश्य होना चाहिए, जिसके लिए प्रयास किया जाएगा। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में रहते हुए डूंगरमल धानक ने अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में जो योगदान दिया है, उसको कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में रामधारी सिंह नागर अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शिक्षा समिति रोहतक, ओमप्रकाश डाबला समाजसेवी, रामावतार पचेरवाल, विजय इंदौरा, दयाराम मोरवाल, मंगत इंदौरा, शिवनारायण, टीनू प्रधान, सोनू, डा. सतबीर इंदौरा, हेडमास्टर वेदप्रकाश, प्रीतम सिंह भरपूर, संदीप कंवाली, कृष्ण दुग्गल, सुमन पार्षद, प्रकाश, वेद प्रकाश, रवि इन्दौरा, मुकेश, पंकज किराड, कृष्णा दुग्गल, मनीराम सरपंच जमालपुर, विजय, महेंद्र सिंह पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी व वेदप्रकाश बनवाल प्रधान संत कबीर समाज उत्थान सेवा समिति सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**प्रतिभा सम्मान** खुशीराम जांगिड़ व जियाराम ने सभी समाज बंधुओं के साथ अतिथियों का स्वागत किया

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा ने मेधावी विद्यार्थियों व खेल प्रतिभाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धारूहेड़ा

अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा प्रादेशिक सभा हरियाणा के तत्वावधान में सोमवार को धारूहेड़ा के नंदरामपुर बास रोड स्थित वाटिका में जांगिड़ समाज के मेघावी व प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पूरे प्रदेश के सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस व आईआईटी में एडमिशन लेने वाले, 10वीं व 12वीं कक्षा में 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक पाने वाले तथा खेल जगत में राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पदक लाकर समाज का नाम रोशन करने वाली करीब 135 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रतिभाओं का सम्मान करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### मंच संचालन प्रदेश महामंत्री विजय कुमार जांगिड़ ने किया

मंच संचालन प्रदेश महामंत्री विजय कुमार जांगिड़ ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा थे तथा अध्यक्षता सतीश शर्मा डायरेक्टर पीकेएन मोटर्स खुशखेड़ा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश बुराड़ी वाले, महेंद्र सिंह जांगिड़ उद्योगपति व निर्मल जांगिड़ उद्योगपति भिवाड़ी ने शिरकत की। अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़ व सह स्वागत अध्यक्ष जियाराम ने सभी समाज बंधुओं के साथ अतिथियों का स्वागत किया।

### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं कक्षा के 129 विद्यार्थियों को मेधावी विद्यार्थी सम्मान पत्र, मोमेंटो और 2500 रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अंकिता गांव नाथूपुर सिलारपुर करोथा जिला महेंद्रगढ़ व गायत्री गांव मोडा खेड़ा आदमपुर जिला हिसार को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला होने पर 50 हजार रुपये का चेक, सम्मान पत्र, मोमेंटो व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा खेलों में समाज का नाम रोशन करने वाले तीन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समाज की ओर से सभी अतिथियों का भी मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगडा ने कहा कि कार्यक्रम में आज बेटियों की संख्या बेटों से ज्यादा है, हमारी बेटियां आज हर क्षेत्र में समाज का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने समाज बंधुओं को भी बढ़-चढ़कर राजनीति में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा प्रदेश सभा कर्नाटक के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल जांगिड़, राजस्थान प्रदेश सभा के पूर्व प्रधान संजय हर्षवाल, ओमप्रकाश जांगिड़ हिसार, अजयकांत जांगड़ा हिसार, प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़, जिला प्रधान कैलाश चंद जांगिड़ व महासभा के मीडिया प्रभारी व विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सचिव धीरज शर्मा जांगड़ा सहित समाज के अनेक लोग मौजूद थे।